Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding demand for an action plan by Central Government to decrease the aerosol pollution in Mumbai

श्री राहुल रमेश शेवाले (मुम्बई दक्षिण-मध्य): माननीय सभापति महोदय, मुझे आपने शून्यकाल में बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूँ।

मुम्बई का वायु गुणवत्ता सूचकांक मंगलवार को फिर से खराब स्तर पर पहुंच गया है, लेकिन इस बार दिल्ली की तुलना में अधिक खराब है। पिछले गुरुवार को खराब स्तर पर पहुंचने के बाद शहर के एएक्यूआई में कुछ सुधार हुआ था। पिछले दिनों वायु गुणवत्ता सूचकांक में गिरावट के लिए वर्तमान मौसम की स्थिति को जिम्मेदार ठहराया है। मुख्य रूप से तापमान में गिरावट के साथ हवा की गति में गिरावट के परिणामस्वरूप निचले वातावरण में निलम्बित धूल-कण, पदार्थ लटके हुए हैं।

मुम्बई में नवम्बर और फरवरी के बीच सर्दियों के दौरान सबसे अधिक प्रदूषित दिन देखे गए हैं, जिससे फेफड़े की बीमारी वाले लोगों को साँस लेने में परेशानी हो सकती है, जैसे अस्थमा और हृदय रोग वाले बच्चों और बड़े लोगों में भी इसका खराब स्तर साँस लेने में परेशानी का कारण बन सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगले साल महाराष्ट्र में एयरोसॉल प्रदूषण अपने मौजूदा कमजोर नारंगी क्षेत्र से अत्यधिक संवेदनशील लाल क्षेत्र में पहुंच जाएगा।

माननीय सभापति : आप क्या चाहते हैं, यह बता दें।

श्री राहुल रमेश शेवाले: सर, मैं डिमांड कर रहा हूँ।

मुम्बई का जो वायु प्रदूषण है, उसे समाप्त करने के लिए केन्द्र सरकार को राज्य सरकार की मदद करनी चाहिए और केन्द्र एवं राज्य सरकार मिलकर मुम्बई के लिए एक एक्शन प्लान बनाना चाहिए। मेरी यही मांग है।